# विज्ञापन संख्या–50 के तहत महाविद्यालय में नवनियुक्त शिक्षकों का प्राचार्य द्वारा आयोजित ओरिएण्टेशन कार्यक्रम दिनांक 18.07.2022 की कार्यवाही का विवरण।

उपस्थित सदस्य :

ओरिएण्टेशन प्रोग्राम में विज्ञापन संख्या–50 के तहत नवनियुक्त 18 शिक्षकों के अतिरिक्त गणित विषय हेतु संस्तुत–03 व भौतिक विज्ञान विषय हेतु संस्तुत–02 अभ्यर्थियों ने भी प्रतिभाग किया।

निर्णय :

उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य ने सभी सामान्य परिचय पूछा एवं महाविद्यालय में उनकी सेवा से सम्बन्धित प्राथमिकताओं एवं अपनी अपेक्षाओं के सम्बन्ध में वार्ता कर निम्नलिखित सुझाव/मार्गदर्शन प्रदान किया।

1. सभी शिक्षक नियुक्ति से 04 वर्ष के अन्दर पी.एच–डी. उपाधि अवश्य प्राप्त करने का प्रयास करें। यह उनके कैरियर की दृष्टिकोण से बहुत ही आवश्यक है।
2. सभी शिक्षक प्रतिवर्ष कम से कम एक पेपर यू.जी.सी. के केयर लिस्टेड जर्नल्स अथवा स्कोपस के जर्नल्स में अवश्य प्रकाशित कराने का प्रयास करें।
3. जो शिक्षक अभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं उन्हें कालेज द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया जायेगा।
4. सभी शिक्षक अपना 15–20 मिनट का लेक्चर बनाकर या क्लास में जो पढ़ाते हैं उसका वीडियों बनाकर यूट्यूब पर डाल दें एवं उसे कालेज की वेबसाइट से लिंक करा दें जिससे विद्यार्थी आवश्यकतानुसार इसका लाभ प्राप्त कर सके।
5. प्राचार्य ने सभी नव नियुक्त शिक्षकों से आह्वान किया कि अध्यापन के साथ–साथ अध्ययन करते रहना भी अत्यन्त आवश्यक है। अतः अपने विषय वस्तु का सतत् अध्ययन करते रहने का प्रयास करें।
6. कालेज वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत सूचना पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ के साथ अपलोड करवा लें। साथ ही अपनी रूचि के अनुसार कम से कम अपनी दो खुबियों से भी प्राचार्य कार्यालय को अवगत करायेंगे ताकि आवश्यकतानुसार उनकी विशेषज्ञता का कालेज हित में उपयोग किया जा सके।
7. सभी लोग ई–लर्निंग मटेरियल्स अवश्य तैयार करें।
8. श्री सतीश प्रताप सिंह, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, जन्तु विज्ञान विभाग एवं डॉ0 पवन कुमार, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, सांख्यिकी विभाग हिन्दी व संस्कृत विभाग के शिक्षकों व विद्यार्थियों को कोर्स के अनुसार कम्प्यूटर का बेसिक नॉलेज प्रदान करेंगे।
9. श्री सतीश प्रताप सिंह, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, जन्तु विज्ञान विभाग एवं सुश्री प्रीती यादव, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, जन्तु विज्ञान विभाग की बायोटेक्नोलाजी विषय में विशेषज्ञता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि ये दोनों लोग महाविद्यालय में चल रहे बायोटेक्नोलॉजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम के क्रमशः प्रभारी एवं सह–प्रभारी का दायित्वच सम्भालेंगे।
10. शारीरिक शिक्षा विभाग में नव नियुक्त शिक्षक श्री विनय कुमार यादव को नियन्ता मण्डल में सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया।

11. महाविद्यालय में पूर्व से एन.एस.एस. की 04 इकाईयाँ कार्यरत हैं। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम को यूनीक व उत्तर प्रदेश राज्य में सबसे बेहतर बनाने की इच्छा प्राचार्य द्वारा प्रकट की गई एवं इस हेतु सभी शिक्षकों से सहयोग की अपेक्षा की गई।

12. प्राचार्य ने कहा कि कालेज के संस्थापक राजर्षि उदय प्रताप सिंह जूदेव के नाम पर ''उदय हेल्थ'' के नाम से एक एन.जी.ओ. बनाना उनकी प्राथमिकता में है। ''उन्नत भारत अभियान'' के तहत शासन द्वारा उदय प्रताप कालेज को जो 05 गॉव आवंटित किये गये हैं, इस एन.जी.ओ. के तहत सर्वप्रथम उन्हीं गॉवों में अभियान चलाकर स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कार्य किया जायेगा।

13. प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय में नैक विजिट को दृष्टिगत रखते हुए ''सस्टेनेबल डेवलपमेन्ट'' का एक सेन्टर बनाया जाना है। इसमें सभी के सहयोग की आवश्यकता है। ''उन्नत भारत अभियान'' कार्यक्रम के लिये 05 डिप्टी कोआर्डिनेटर की आवश्यकता है। आपसे 05 लोग इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे।

14. श्री सतीश प्रताप सिंह, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, जन्तु विज्ञान विभाग ने सुझाव दिया कि क्लास रूम में ग्रीन बोर्ड लगा है जिसपर चाक से लिखना पड़ता है। इसके काफी अधिक समय लगता है। यदि इसकी जगह ह्वाइट बोर्ड लगाकर मार्कर से लिखने की व्यवस्था हो जाय तो कम समय में विद्यार्थियों को अधिक जानकारी प्रदान की जा सकती है।

15. प्राचार्य ने सभी को आश्वस्त किया कि उनकी किसी तरह की कोई समस्या या सुझाव हो तो उसे विभागाध्यक्ष के माध्यम से पत्र भेजकर अथवा व्यक्तिगत रूप से मिलकर अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें। समस्या के निराकरण का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा।

प्रो0 (धर्मेन्द्र कुमार सिंह)
प्राचार्य

विज्ञापन संख्या–50 के तहत महाविद्यालय में नवनियुक्त शिक्षकों का प्राचार्य द्वारा आयोजित
ओरिएण्टेशन कार्यक्रम दिनांक 16.02.2023
की कार्यवाही का विवरण।

उपस्थित सदस्य :

ओरिएण्टेशन प्रोग्राम में विज्ञापन संख्या–50 के तहत नवनियुक्त सभी 27 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

निर्णय :

प्राचार्य ने महाविद्यालय में शिक्षकों की सेवा से सम्बन्धित प्राथमिकताओं एवं अपनी अपेक्षाओं के सम्बन्ध में वार्ता कर निम्नलिखित सुझाव/मार्गदर्शन प्रदान किया।

1. सभी शिक्षक शोध पत्र, शोध समीक्षा, पुस्तक समीक्षा, अध्याय लेखन प्रकाशित करायें। सभी शिक्षक प्रतिवर्ष कम से कम एक पेपर यू.जी.सी. के केयर लिस्टेड जर्नल्स अथवा स्कोपस के जर्नल्स में अवश्य प्रकाशित कराने का प्रयास करें।
2. सभी शिक्षक कालेज पोर्टल हेतु ई–अध्ययन सामग्री विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत कम से कम पांच व्याख्यान/पाठ का विकास करें।
3. जिन शिक्षकों के पास पी0एच–डी0 की डिग्री नहीं है वे यथाशीघ्र पी0एच–डी0 कोर्स में अपना पंजीकरण करा लें तथा नियुक्ति से 04 वर्ष के अन्दर पी0एच–डी0 की उपाधि अवश्य प्राप्त करने का प्रयास करें। यह उनके कैरियर के दृष्टिकोण से अत्यन्त आवश्यक है।
4. सभी शिक्षक कक्षा में होने वाले अध्यापन कार्य की गुणवत्ता भविष्य के अनुसार सुनिश्चित करें। साथ ही अपना 15–20 मिनट का लेक्चर बनाकर या क्लास में जो पढ़ाते हैं उसका वीडियों बनाकर यूट्यूब पर डाल दें एवं उसे कालेज की वेबसाइट से लिंक करा दें, जिससे विद्यार्थी आवश्यकतानुसार इसका लाभ प्राप्त कर सके।
5. सभी शिक्षक शिक्षा के बदलते परिवेश में अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रासंगिकता बनाये रखें।

विचार–विमर्श के दौरान शिक्षकों द्वारा भी कुछ सुझाव प्रस्तुत किये गये जो निम्नवत् है :–

**शिक्षकों के सुझावः**

1. सभी शिक्षण कक्षों में बड़े आकार के लेखन बोर्ड लगवाये जाय एवं क्षतिग्रस्त बोर्ड की मरम्मत करायी जाय।
2. स्नातकोत्तर कक्षाओं एवं प्रयोगशालाओं में श्वेत पट्ट एवं मार्कर (व्हाईट बोर्ड एवं मार्कर) की व्यवस्था शीघ्र करायी जाय।
3. समस्त विभागों में सभी शिक्षक कक्ष तक इण्टरनेट की सुविधा सुनिश्चित करायी जाय।
4. समस्त विभागों मे स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करायी जाय।
5. सभी शिक्षकों के लिए पी0वी0सी0 पहचान पत्र की व्यवस्था करायी जाय।
6. अर्थशास्त्र विभाग में प्राध्यापकों के बैठने हेतु कक्ष की व्यस्था करायी जाय।
7. रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग में प्रोजेक्टर की व्यवस्था करायी जाय।

प्रो0 (सुधीर कुमार शाही)
पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग

प्रो0 (नरेन्द्र प्रताप सिंह)
संयोजक, आई. क्यू. ए.सी.

प्रो0 (धर्मेन्द्र कुमार सिंह)
प्राचार्य

महाविद्यालय में नवनियुक्त शिक्षकों की प्राचार्य, संयोजक, आई.क्यू.ए.सी., उप नियंत्रक, परीक्षा गोपनीय/प्रभारी, यू.जी.सी.सेल, प्रभारी, डेयरी फार्म, मुख्य नियन्ता एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष के साथ सम्पन्न बैठक दिनांक 28.06.2023 की कार्यवाही का विवरण।

**उपस्थित सदस्य :**

बैठक में डॉ0 विजय कुमार सिंह, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, बी0एड0 विभाग के अलावा शेष सभी शिक्षक उपस्थित थे।

**निणर्य :**

बैठक में विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श के उपरान्त प्राचार्य द्वारा शिक्षकों को निम्नलिखित दिशा–निर्देश प्रदान किया गया।

1. सभी शिक्षक 15 दिन के अन्दर 15–20 मिनट का कम से कम 05 ई–कन्टेन्ट का वीडियो बनाकर यूट्यूब पर डाल दें एवं उसे कालेज की वेबसाइट से लिंक करा दें जिससे विद्यार्थी आवश्यकतानुसार इसका लाभ प्राप्त कर सके।
2. जो शिक्षक अभी तक कालेज वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत सूचना पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ के साथ अपलोड नही करवायें है, वे शीघ्रातिशीघ्र श्री आलोक कुमार सिन्हा से सम्पर्क कर अपनी प्रोफाइल अपलोड करा लें।
3. सभी लोग ई–लर्निंग मटेरियल्स अवश्य तैयार करें।
4. श्री विनय कुमार यादव, असिसटेन्ट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है कि स्पोर्ट्स एण्ड योगा से सम्बन्धित 200 बहुविकल्पीय प्रश्न तैयार कर लें (प्रथम चरण में 100 प्रश्न तैयार कर लें)। उसके आधार पर ऑनलाइन लेक्चर कराकर इससे सम्बन्धित ई–कन्टेन्ट कालेज वेबसाइट पर अपलोड करा लें।
5. जिस शिक्षक को जो भी क्लास आवंटित होगी वे उसे ऑनलाइन/आफॅलाइन पढ़ायेंगे।
6. सभी शिक्षक अपनी सुविधानुसार PPT/PDF/UTUBE VIDEO बनाकर ई–कन्टेन्ट कालेज की वेबसाइट पर अपलोड करेंगे।
7. शिक्षक विद्यार्थियों सें इन्ट्रैक्शन कर इसका वीडियो बनाकर रिकार्ड के रूप में सुरक्षित रखेंगे।
8. शिक्षकों को परीक्षा गोपनीय, आई.क्यू.ए.सी., यू.जी.सी., केन्द्राध्यक्ष कार्यालय, प्रवेश परीक्षा कार्यालय अथवा मुख्य नियन्ता द्वारा जो भी ड्यूटी आवंटित की जायेगी उसे समय से सम्पादित करना आवश्यक होगा। यदि कोई असुविधा हो तो सम्बन्धित पदाधिकारी से सम्पर्क कर अपनी ड्यूटी को अन्य तिथियों में समायोजित करा लें।
9. सभी शिक्षक प्रतिवर्ष कम से कम एक पेपर यू.जी.सी. के केयर लिस्टेड जर्नल्स अथवा स्कोपस के जर्नल्स में अवश्य प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
10. सभी शिक्षक अपने द्वारा सम्पादित कार्यों को समाहित करते हुए अपना एप्रेजल रिपोर्ट तैयार कर अभिलेख के तौर पर सुरक्षित रखें।

| | | |
|---|---|---|
| प्रो0 (संजय कुमार शाही)<br>मुख्य नियन्ता | प्रो0 (नरेन्द्र प्रताप सिंह)<br>संयोजक, आई.क्यू.ए.सी. | प्रो0 (धर्मेन्द्र कुमार सिंह)<br>प्राचार्य |
| प्रो0 (पंकज कुमार सिंह)<br>सहायक केन्द्राध्यक्ष | प्रो0 (सुधीर कुमार शाही)<br>प्रभारी, कृषि एवं डेयरी फार्म | प्रो0 (देवेन्द्र कुमार सिंह)<br>उप नियंत्रक परीक्षा गोपनीय/<br>प्रभारी, यू.जी.सी.सेल |